卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 259 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦30 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## तेजी से आगे बढ़ रहा 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' : मोदी



नई दिल्ली(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 111वें संस्करण में कहा कि आज वो दिन आ ही गया जिसका हम सभी फरवरी से इंतजार कर रहे थे। मैं 'मन की बात' के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवारजनों के बीच आया हूं। मैंने फरवरी में आपसे कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद फिर मिलूंगा और आज, 'मन की बात' के साथ, मैं, आपके बीच फिर हाजिर हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात रेडियो प्रोग्राम भले ही कुछ महीने बंद रहा हो, लेकिन 'मन की बात' का जो आत्मा है देश में, समाज में, हर दिन अच्छे काम, निस्वार्थ भावना से किए गए काम, समाज पर सकारात्मक असर डालने वाले काम निरंतर चलते रहे। चुनाव की खबरों के बीच निश्चित रूप से मन को छू जाने वाली ऐसी खबरों पर आपका ध्यान गया होगा। उन्होंने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केरल और मानसून के कनेक्शन की बात सुनाई। उन्होंने कहा कि मानसून के आते ही छाते की याद आ जाती है, लेकिन किसी को यह शायद ही पता हो की केरल में सबसे ज्यादा अलग तरह के छाते बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वहां की आदिवासी महिलाओं की मेहनत ही है, जो इतने सुंदर छाते बनाती हैं। पीएम ने कहा कि मैं आपको एक खास तरह के छातों के बारे में बताना चाहता हूं जो केरल में बनते हैं। पीएम ने कहा– वैसे तो केरल की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व है। छाते वहां कई परंपराओं और विधि–विधान का अहम हिस्सा होते हैं, लेकिन मैं जिस छाते की बात कर रहा हूं, वो हैं 'कार्थुम्बी छाते' और इन्हें केरला के अट्टापडी में तैयार किया जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपसे पूछूं कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे– 'मां'। हम सबके जीवन में 'मां' का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां, हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन–पोषण करती है। हर मां, अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन, और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम(शेष पृष्ठ सात पर)

## दिनदहाड़े बदमाशों ने बाइक सवार युवक को गोली मारी

रुड़की(उद संवाददाता)। भगवानपुर थाना क्षेत्र के इकबालपुर फाटक के पास दिनदहाड़े फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। बाइक सवार बदमाशों ने दादा के साथ शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक युवक को पांव में गोली लगी है। जानकारी के अनुसार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर निवासी गौरव कुमार की शादी 15 जुलाई को है। वह अपने दादा जगत सिंह के साथ अपनी शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक पर इकबालपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह इकबालपुर रेलवे फाटक के पास पहुंचे तो अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोली गौरव के पैर में लगी। जिससे वह घायल हो गया। गोली चलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोग इधर उधर भागने लगे। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि गोली चलाने वाले कौन लोग थे, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस मामले को रंजिश से जोड़कर देख रही है। समाचार लिखने तक मामले में तहरीर नहीं दी गयी थी।

## सड़क निर्माण को लेकर धरना प्रदर्शन

### निकाय चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड़ पर दक्ष चौक से बगवाड़ा तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र की अनेक कालोनियों के लोगों ने दक्ष चौक पर शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उनका कहना था कि दक्ष चौक से बगवाड़ा तक का मार्ग पिछले कई सालों से जर्जर हालत में है। इसके निर्माण के लिए पूर्व कई बार आग्रह किया जा चुका है परंतु मार्ग निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जिस कारण क्षेत्र वासियों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मार्ग का शीघ्र निर्माण नहीं कराया गया तो सभी कालोनी वासी आगामी निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे और अनिश्चितकालीन आन्दोलन शुरू कर देंगे। इस दौरान दीपक गहतोड़ी, दुष्यंत खेतवाल, अभिषेक यादव, सतीश वर्मा, सुखदेव सिंह, नितिन बिष्ट, विभूति

## महिला का शव मिलने से सनसनी

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)।नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत मनेरा में भागीरथी नदी किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लिया, जिसे पंचायत नामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। जानकारी के अनुसार, सुबह मनेरा क्षेत्र के कुछ लोगों को भागीरथी नदी के दाएं किनारे पर एक शव दिखा, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। बाद में शव की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि शव बुजुर्ग महिला का है, जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष से अधिक लग रही है। शव (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों ने घर से लाखों के जेवर और नगदी उड़ाई





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि अज्ञात चोरों ने गंगापुर मार्ग पर स्थित विजय लक्ष्मी कालोनी में गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में घर के ताले तोड़ वहां से लाखों रूपये कीमत के जेवरात और हजारों की नगदी चोरी कर ली। गृह स्वामी अमित छावड़ा पुत्र चिमनलाल छावड़ा ने बताया कि उसका मौहल्ला खेड़ा में भगवती मेडिकल स्टोर नाम से प्रतिष्ठान है। उसका परिवार इस समय ननिहाल गया हुआ है। अमित ने बताया गत रात्रि वह घर में ताले लगाकर बिलासपुर के ग्राम चिड़ियापुर में आयोजित श्री बाला जी के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए गया हुआ था। रात्रि करीब साढ़े तीन बजे जब वह घर वापस लौटा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ देखा। उसने बताया जब वह घर के अन्दर गया तो सभी दरवाजों तथा अलमारियों के ताले टूटे हुए मिले साथ ही एक खिडकी का कांच का दरवाजा भी टूटा दिखा जिसमें खून के निशान लगे हुए थे। जो सम्भवतया घर में घुसे चोरों के होंगे। उसने बताया कि अज्ञात चोर घर से उसकी सोने की चैन, अंगूठी, इलैक्ट्रोनिक घड़ी आदि सामान सहित अलमारी में रखे करीब 60 हजार रूपये भी चोरी कर ले गये। अमित ने बताया कि चोर जाते हुए घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ ले गये हैं। मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है।

## विद्युत कटौती के खिलाफ मोमबत्ती जलाकर प्रदर्शन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उमस भरी गर्मी में हो रही बेहताशा विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। राजेन्द्र नगर राजपुरा समेत पूरे शहर में घंटों की बिजली कटौती पर देर रात लोगों सब्र का बांध जवाब दे गया। युवा नेता हेमन्त साहू की अगुवाई में इलाके के दर्जनों लोगों ने मोमबत्ती जलाकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुऐ जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके युवा नेता हेमन्त साहू ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश में 5 से 6 घण्टे की बिजली कटौती लो बोल्टेज से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## तमंचे की नोक पर मीट विक्रेता से नगदी लूटी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। घास मंडी पीएसी गेट के पास अपनी चिकन की दुकान बंद कर घर लौट रहे ट्रांजिट कैंप निवासी मीट विक्रेता से शिव नगर पुलिया के पास कुछ युवकों ने तमंचे की नोक पर मारपीट करते हुए 12 हजार लूट लिए। विरोध करने पर चाकू और ईंट से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद समेत तीन चार अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवनगर वार्ड 9 ट्रांजिट कैंप निवासी विशाल पाल पुत्र नन्हे पाल ने बताया कि उसकी घास मंडी पीएसी गेट नंबर तीन में चिकन की दुकान है। 18 जून की रात वह दुकान बंद कर घर जा रहा था। मार्ग में शिव नगर पुलिया के पास अमन पांडे, विकास दद्दा, सुमित, सुमित राठौर, संजय कोली व तीन चार अन्य लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। इस दौरान वे उससे गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध किया तो उक्त युवक उसे घसीटकर टावर के पास ले गए और उस पर तमंचा टेक दिया। साथ ही तमंचे के बल पर उसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## यूकेएसएसएससी की परीक्षा में शामिल हुए हजारों अभ्यर्थी





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग देहरादून की ओर सें इंटरमीडिएट स्तर ( परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर पेड3 गृह माता, हाउस कीपर महिला) के अन्तर्गत आज नगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें जनपद ऊधमसिंहनगर के साथ ही अन्य जनपदों से आये हजारों अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होकर परीक्षा दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई। इसके लिए क्षेत्र में आदर्श राजकीय कन्या इंटर कालेज, पंतनगर, आर्य कन्या इंटर कालेज, एएनझा राजकीय इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज, जन्म भूमि जूनियर हाई स्कूल, भंजूराम अमर इंटर कालेज, कृष्णा इंटर कालेज, रूद्रपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, विजडम पब्लिक स्कूल सहित कुल 11 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। जिनमें कुल 5605 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सभी परीक्षा केन्द्रों की 500 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की गई थी तो वहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

# 7475.70 लाख की जिला योजना का हुआ अनुमोदन





अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला योजना समिति की बैठक विकास भवन सभागार में जनपद प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रू0 7475.70 ( 5715.70 लाख सामान्य, 1737.30 लाख एससी एवं 22.70 लाख रुपए एसटी) लाख की जिला योजना को अनुमोदित किया गया। बैठक में जिला योजना समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विभागों को आवंटित धनराशि पर सहमति जताई। इस वित्तीय वर्ष में 1461 लाख रुपए लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान के लिए रू0 1291 लाख, , प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 499.45 लाख रुपए, पर्यटन विभाग के लिए 399 लाख रुपए, चिकित्सा एवं स्वास्थ रू0 382 लाख, पेयजल निगम रू0 540 लाख, कृषि विभाग के लिए 340 लाख रुपए, 380 लाख रुपए शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के लिए धनराशि अनुमोदित की गई है। इस बार जिला योजना में पिछली वर्ष 2023 - 24 (6919.49 लाख रुपए) की जिला योजना के सापेक्ष लगभग 08 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही जनपद की जनसांख्यिकी एवं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार जिला योजना का बजट बढ़ाने की बात कही गई। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी विनीत तोमर द्वारा बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष उमा बिष्ट को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने से हुई। बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भी प्रतिभाग किया। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जिला योजना वर्ष 2024 -25 की विभागवार आवंटित की गई धनराशि का प्रस्तुतिकरण किया। साथ ही उन्होंने जिला योजना से संबंधित विविध प्रावधानों पर प्रकाश डाला। बैठक में जनपद प्रभारी मंत्री धनसिंह रावत ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी प्रस्ताव विभागों को प्राप्त हुए हैं, उन्हें जिला प्लान में शामिल कार्य हुए त्वरित एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें एवं जिला योजना की धनराशि को जनपद के विकास के लिए ही खर्च किया जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि सरकार का मंतव्य अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति के विकास के लिए है, इस लिए उनकी सरकार हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए एवं गुणवत्ता के साथ जिला योजना का पैसा खर्च करें। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी विधायकों एवं सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को सदन में रखा तथा उस पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। इस सदस्यों ने जनपद की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अपने अपने विचार रखे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्षा उमा बिष्ट ने सभी विभागों को आपसी समन्वय तथा जनप्रतिनिधियों से तालमेल रखकर कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र की समस्या भी सदन में रखी। जिसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता को समस्याओं का त्वरित संज्ञान लें, जब कोई आम नागरिक फोन करता है तो उसका जवाब अनिवार्य रूप से दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्लान में विभागों को धनराशि आवंटित किए जाने हेतु जिला प्लान समिति की मंजूरी हेतु इस बैठक का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए सभी प्रस्तावों को इस जिला योजना में शामिल करने का प्रयास किया गया है। बैठक में विधायक द्वाराहाट मदन सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख,जिला पंचायत सदस्य, समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मन की बात से हर देशवासी को जोड़ते हैं पीएम मोदी:चुघ

रुद्रपुर।तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार के दिन फिर से मन की बात की ।उन्होंने अपनी मन की बात के जरिए देश के हर लोगों के दिलों को छुआ और उनकी उपलब्धियां को जनता को बताया। पीएम मोदी ने आज मन की बात कही। जिसका लाखों करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ बैठकर मन की बात बात सुनी ।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 21 जून को योग दिवस के जरिए पूरी दुनिया को संदेश दिया। उन्होंने कहा योग दिवस की शुरुआत भारत से हुई और आज दुनिया के 126 देश योग दिवस को मानते हैं ऐसे में योग पूरी दुनिया



में एक नई क्रांति लेकर आएगा। पीएम मोदी ने कहा कि केरल में भी आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार छाते आज पूरी दुनिया में धूम मचा रहे हैं इन कर्मठ आदिवासी महिलाओं के हस्त शिल्प के जरिए वहां के छाते पूरे विश्व भर में पहचाने जाते हैं और पूरी सप्लाई दुनिया में हो रही है। चुघ ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी महिलाओं के जिक्र के साथ आंध्र प्रदेश की आदिवासी महिलाओं का भी सम्मान करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश की आदिवासी महिलाएं कॉफी का एक स्पेशल स्वरूप बना रही हैं जो देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने कहा कि आज देशभर की आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग की महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कार्य से पूरी देश और दुनिया में अपना नाम रोशन कर रही हैं ।भाजपा नेता चुघ ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने संपूर्ण देशवासियों से एक वृक्ष मां के नाम पर लगाने का आवाहन किया, जिसके तहत देश के करोड़ों लोगों ने वृक्षारोपण किया। पीएम मोदी के देशवासियों के सहयोग पर सभी का आभार जताते हुए चुघ ने कहा कि पीएम मोदी ने जिस प्रकार से तीसरे कार्यकाल को ग्रहण किया है। उससे देश नई ऊंचाइयां छूएगा और विकासके पथ पर अग्रसर होगा इस दौरान अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## गदरपुर में बड़ी एलइडी पर हुआ टी-20 वर्ल्ड कप का प्रसारण

गदरपुर(उद संवाददाता)। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शनिवार की रात 8 बजे से खेला गया दिखाया गया। बड़ी एलइडी स्क्रीन में लाइव क्रिकेट देखने वाले क्रिकेट प्रेमी सैकड़ों की संख्या में वहां इकट्ठे हो गए और लाइव क्रिकेट देखने का लुत्फ भारत टी-20 विश्व कप में विजेता बन गया । समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने बताया कि उनके मन में अचानक से खयाल आया कि टी-20 विश्व कप का जीत के बाद सभी लोग खुशी से झूम उठे। इस दौरान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मिंटू गुंबर, परमजीत सिंह पम्मा,





टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर गदरपुर में भी भारी उत्साह देखने को मिला नगर के समाजसेवी वार्ड नंबर 10 निवासी मोहम्मद शादाब ने एकता की मिसाल कायम करते हुए सनातन धर्म मंदिर के नजदीक एक बड़ी एलइडी स्क्रीन लगाई और इस पर इंडिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच का लाइव टेलीकास्ट उठाया। सभी दर्शकों को हंसाने के लिए कमेंट्री कर रहे प्रवीन गिलहोत्रा और विकास तनेजा ने भी अपनी कमेंट्री से लोगों को खूब हंसाया। मैच में टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 176 रन का बड़ा स्कोर दक्षिण अफ्रीका को दिया और दक्षिण अफ्रीका को 169 रन पर ही संतुष्ट होना पड़ा और भारत को 7 रनों से जीत मिल गई एक बार फिर 17 साल बाद फाइनल मैच होना है क्यों ना इसी बहाने नगर के सभी लोगों के साथ मनोरंजन भी हो जाएगा और एक साथ बैठकर एलईडी स्क्रीन पर लाइव क्रिकेट भी देख लिया जाएगा और अपनी भारतीय टीम का हौसला अफजाई भी किया जाएगा ये सोचकर बड़ी एलइडी स्क्रीन मंदिर के पास लगाकर कौमी एकता की मिसाल भी पेश की गयी। फाईनल में भारत की सलीम बाबा, शाकिर अली, मोहम्मद आमिल, नजीर सकलानी,वसीम,रिजवान अख्तर,राशम अली, नाजिम हुसैन, संदीप बत्रा,कपिल अनेजा, अकरम सलमानी, आमिल, साजिद, आसिफ, अफनान, अनस, मोहसिन, इमरान, जीशान, सोहेल, नाजिम, राशिद, गुड्डू, अकरम, रिजवान, मेहरबान,फरमान, मतलूब, फहीम, वसीम,अफ्फान सहित सैकड़ो लोग रहे।

## सुरक्षा कर्मियों के लिए पंजीकरण एक जुलाई से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने बताया कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशानुसार एसआईएस इण्डिया लिमिटेड देहरादून द्वारा सुरक्षा कर्मियों के लिये पंजीकरण हेतु आगामी 01 जुलाई से 14 जुलाई तक जनपद के समस्त विकासखण्डों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। श्री डोभाल ने बताया कि 01 व 02 जुलाई को विकास खण्ड जसपुर, 03 व 04 जुलाई काशीपुर, 05 व 06 जुलाई को बाजपुर, 07 व 08 जुलाई को रूद्रपुर, 09 व 10 जुलाई को गदरपुर, 11 व 12 जुलाई को सितारगंज एवं 13 व 14 जुलाई को खटीमा विकास खण्ड में शिविर का आयोजन किया जायेगा

## चाकू के साथ एक संदिग्ध गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। मंगलपड़ा चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। जब पुलिस टीम घास मण्डी तिराहे के पास पहुंची तो एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद शरीफ अहमद निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।



# नशा मुक्ति के लिए पुलिस ने आयोजित की मैराथन दौड़

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस के जवानों के साथ साथ नगर के तमाम युवाओं ने भी




उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने रघुनाथ सिटी मॉल से हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। एसएसपी ने स्वयं भी दौड़ लगाकर प्रतिभाग कर रहे पुलिस जवानों व नगर के युवाओं का उत्साह वर्धन किया। मैराथन दौड़ रघुनाथ सिटी मॉल से आकाशवाणी, करबला, दुगालखोला होते हुए पुलिस लाइन में संपन्न हुई। तत्पश्चात एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा उपस्थित जवानों व युवाओं को जीवन में



कभी नशा न करने व भारत को नशा मुक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने के लिये प्रेरित किया गया। मैराथन दौड़ में महिला और पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा पुरस्कृत किया गया। महिला वर्ग में प्रथम–होमगार्ड सुश्री राधा भट्ट, द्वितीय महिला कानि श्रीमती मंजू गोस्वामी,तृतीय सुश्री जानकी ऐरी रही। पुरुष वर्ग में प्रथम सागर सिंह विष्ट, द्वितीय सूरज कार्की, तृतीय ललित बघरी रहे। मैराथन दौड़ के दौरान सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद,सीओ दूरसंचार संचार राजीव कुमार टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, महिला निरीक्षक श्रीमती बसंती आर्य प्रभारी सीसीटीएनएस अल्मोड़ा, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पांडे, यातायात निरीक्षक दरबार सिंह मेहता, वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी कोतवाली अल्मोड़ा,उप निरीक्षक सुनील धानिक, पीआरओ/प्रभारी एएनटीएफ मीडिया सैल, मोहित कुमार, लाईन सूबेदार, प्रभारी इंटरसेप्टर सुमित पांडे,उपनिरीक्षक दिनेश परिहार प्रभारी चौकी धारानौला, महिला उपनिरीक्षक श्रीमती बरखा कन्याल सहित अल्मोड़ा पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी गण,युवा, बच्चें उपस्थित रहे ।

# टी–20 में भारत की जीत पर आतिशबाजी के साथ मनाया जश्न



रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत की टी 20 विश्व कप में शानदार जीत पर विधायक शिव अरोरा ने अपने आवास पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह जीत करोड़ो भारतीयों के गौरव का क्षण है। एक बार फिर टीम इण्डिया ने भारत का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। यह जीत प्रत्येक खिलाडी के समर्पण मेहनत की है जिसके कारण बहुत रोमांचक मुकाबले मे भारत को जीत हासिल हुई और 2007 के बाद एक बार फिर टी 20 में भारत की बादशाहत कायम हुई। विधायक ने कहा कि यह जीत 140 करोड़ देशवासियो की जीत है। उन्होंने टीम इण्डिया को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में इलैक्ट्रोनिक्स शोरूम हेतु **एकाउन्टेन्ट** की।
अनुभवी व्यक्ति को वरीयता।
सम्पर्क करे–
7017228152
9837446000

## सटोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक सटोरिए को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ धर दबोचा। है। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई।राजपुरा चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थ तभी पुलिस को सूचना मिली कि वन–विभाग बैरियर के पास खडा एक व्यक्ति खेलआम सटटे की खाई–बाड़ी कर रहा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 1330 रूपए की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# विधायक अरोरा ने बूथ न. 129 में सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले मन बात कार्यक्रम और अब तक के 111 वें संस्करण को विधायक शिव अरोरा ने बूथ संख्या.129 मालिक कॉलोनी मे सुना। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि इस बार का मन की बात कार्यक्रम काफी ऊर्जा से भरा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें कहा कि इस बार हम एक पेड़ उसके नाम से लगायें जिसका रिश्ता



हमारे साथ जन्म के समय से हो जाता है वो है माँ। उन्होंने सभी से अपील की कि एक पेड़ अपनी माँ को समर्पित करते हुए अवश्य लगाए। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मन की बात के माध्यम से हमको सामाजिक जीवन में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल देश हित मे ऐतिहासिक निर्णय वाला होना है और देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। कार्यक्रम ने अपनी वर्तमान पार्षद सुनीता मुंजाल, भाजपा नेता अनमोल विर्क, राजेश पप्पल, भाजयुमो जिला महामंत्री बिट्टू चौहान, मधू, सचिन मुंजाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण की लीलाओं को सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

## श्री अनंत प्रेम आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित श्री आनंद प्रेम आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का गत सायं समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद्





भागवत महापुराण की व्याख्या, कथावाचक नीरजा शरणार्थी के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस ध र्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार,रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। कथावाचक नीरजा शरणार्थी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मो द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है।लोगों ने रात भर इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का आस–पास गांव के अलावा दूर दराज से आए काफी संख्या में महिला–पुरूष भक्तों ने आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। प्रवचन के बाद कमेटी के द्वारा उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कथा मंडप में संत प्रेम निष्ठानंद बाई जी, पंडित लव कुश शास्त्री श्री धाम वृंदावन, जैन प्रॉपर्टीज, कमल जैन, कमल बंसल, श्रीमति अंजू बंसल, अरिहंत बंसल, चारुल बंसल, अंशिका, उजाला, आदीश, महक,सालिकराम बंसल,राधेश्याम बंसल, मधु बंसल दिनेश गोयल, श्रीमती मधु बंसल, सुमन बंसल, किरण बंसल, आरती, मान्या, डॉक्टर संजोली बंसल, सुषमा अग्रवाल, दीप्ति, प्रियंका, रेखा, अरुणा, राधा,नवल,अनुज, सतीश, राजेश जैन, रेनू भारद्वाज, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, चेतन, राजू हुडिया, शिवम, राजपाल, पुष्पा रानी, कीर्ति, प्रिया, मानसी, कुंदन लाल अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, राध ा रानी अग्रवाल, आदि भक्त उपस्थित थे।

# सतीश गुम्बर की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



गदरपुर (उद संवाददाता)। युवाओं के प्रेरणा स्रोत दिवंगत सतीश गुंबर की स्मृति में सोचो डिफरेंट संस्था द्वारा अशोका रिसोर्ट में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किया। इस दौरान दीपक बेहड़ ,राहुल अनेजा संदीप चावला विकास तनेजा विकास भूसरी,कपिल गंडा, डा प्रमोद अरोड़ा, कमल कालरा,सुरेश कालरा,विकास बजाज,आशु बजाज,चंकी बजाज विनोद भूसरी सुरेश खुराना गौरव कक्कर ,श्री कृष्णा ब्लड बैंक काशीपुर की टीम जिसमें डॉक्टर वसीम,सफदर हुसैन,डिंपल,मनीषा आदि उपस्थित थे। समाचार लिखे जाने तक रक्तदान शिविर जारी रहा।

# डीएम के निर्देश पर गौशाला में शुरू हुआ काम



खटीमा (उद संवाददाता)। दीया गौशाला जो लगभग 5–6 साल पहले बनाई गई थी वह निचली भूमि पर है उसमें कभी–कभी पानी भर जाता है । गौशाला शेड तो ऊंचाई पर है मगर जहां गायें विचरण करती है वह निचली भूमि होने के कारण जल भराव होने से कीचड़ हो जाता है, जिससे गोवंश विचरण करने व बैठने मैं कीचड़ से भर जाती हैं। बीते दिनों जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने बैठक में गौशाला की निचली भूमि जहां पर गायें विचरण करती हैं वहां पर पक्का प्लेटफार्म बनाने के निर्देश जिला पंचायत को दिए थे । जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला पंचायत ने गौशाला में कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस हेतु जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को 20लाख रुपए भी तत्काल जारी किए व गौशाला प्लेटफार्म कार्य त्वरित गति से करने के निर्देश दिये ताकि पशु जब खुले में विचरण करें तो कीचड़ में ना बैठे पढ़े। गौशाला में लगभग 400 वर्ग मीटर के तीन प्लेटफार्म बनाए जाएंगे।

# जेसीज में रचनात्मक शिक्षण-अधिगम पद्धति पर कार्यशाला आयोजित





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक स्कूल में एक प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को लोकप्रिय लेखक, प्रेरक वक्ता, कुशल प्रशिक्षक, फिल्म निर्माता, अभिनेता एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी कुलप्रीत यादव ने संबोधित किया। यह कार्यशाला ‘21वीं सदी की अभिनव एवं रचनात्मक शिक्षण अधिगम पद्धति’ विषय पर आधारित थी । कार्यशाला में कुलप्रीत यादव ने शिक्षकों को शिक्षण में अभिनव एवं प्रयोगात्मक विधियों के क्रियान्वयन लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यालयों शिक्षण में आवश्यक बदलाव के विषय में बताया। उन्होंने ज्ञान और कौशल में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील शिक्षण, डिजिटल योग्यता, अभिनव प्रयोग, सामाजिक भावनात्मक शिक्षण आज के समय की आवश्यकता है।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने विषय विशेषज्ञ कुलप्रीत यादव सहित अतिथियों तथा आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि समय समय पर होने वाले परिवर्तनों एवं नवीन शिक्षण और अधिगम पद्धति की जानकारी होना आज की अनिवार्य आवश्यकता है। इस लिए ऐसे प्रासंगिक विषय पर कार्यशालाओं का आयोजन बहुत उपयोगी होता है। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ श्री यादव ने रचनात्मक सोच, रचनात्मक लेखन, क्रियात्मक शिक्षण के लिए स्टोरी टैलिंग, तकनीक प्रेमी होना तथा मानसिक स्वास्थ्य कैसे बनाये रखें। इन सब क्षेत्रों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर पुस्तकें पढ़ने की आदत और रचनात्मक लेखन को विद्यार्थियों में किस प्रकार विकसित किया जा सकता है, पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, क्योंकि आगे बढ़ने के लिए भाषा कौशल बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि छोटे छोटे सकारात्मक प्रयास और बदलाव जीवन को सफल बनाने में मदद करतें हैं। उन्होंने सभागार में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से समुचित आचरण कर समाज को सही दिशा देनी चाहिए। हम सब ऐसी नई पीढ़ी तैयार करें जो उत्कृष्टता से परिपूर्ण हो। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों से संबंधित शिक्षकों द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। जेसीज प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय को उत्कृष्टता के अगले स्तर पर ले जाने और 21वीं सदी का विद्यालय बनाने के लिए प्रेरक वक्ताओं के विचारों को आत्मसात कर विद्यार्थियों की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अंत में विषय विशेषज्ञ श्री कुलप्रीत यादव जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के प्रधानाचार्य श्री चेतन चौहन ने विषय विशेषज्ञ श्री यादव, तथा विद्वत परिषद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस प्रेरक कार्यशाला के लिए प्रबंधन समिति का हार्दिक आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर, डीपीएस रुद्रपुर तथा जेसीज फाऊंडेशन के शिक्षकों ने सहभागिताकी व विचारोंसे लाभान्वित हुए।

# नमांमि गंगे के कार्यों को गंभीरता से धरातल पर उतारें: उदय राज



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम काशीपुर की एसटीपी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये, साथ ही रूद्रपुर में एफएसटीपी को सुचारू चलाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होने कहा कि फीकल सलज ले जाने वाले प्राईवेट वाहनों में जीपीएस लगाकर ट्रेकिंग करने के निर्देश दिये ताकि फीकल सलज को एफएसटीपी में ही डाले। उन्होंने सभी निकायों को लीगेसी वेस्ट प्रबंधन करने हेतु टेंडर करने के निर्देश दिये। सहायक नगर आयुक्त रूद्रपुर ने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर में 70 प्रतिशत लीगेसी प्रोसेसिंग कर ली गयी है तथा काशीपुर में भी 70 प्रतिशत लीगेसी वेस्ट प्रोसेस कर लिया गया है तथा काशीपुर नगर निगम फ्रेसवेस्ट का घर-घर कूड़ा उठान, सेग्रिगेशन, प्रोसेंसिग का इंटिग्रेटेड टेंडर कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने रूद्रपुर नगर निगम को भी फ्रेसवेस्ट घर-घर कूड़ा उठान, सेग्रिगेशन, प्रोसेंसिग का इंटिग्रेटेड टेंडर कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने नगर निगम रूद्रपुर को मृत पशुओं के डिस्पोजल हेतु भूमि चयन कर डीपीआर बनाने के निर्देश दिये। उन्होने स्वच्छता, जागरूकता हेतु नगर निगम रूद्रपुर को पांच लाख, नगर निगम काशीपुर को दो लाख सहित सभी नगर पालिका व नगर पंचायत को 50-50 हजार स्वीकृत किये। जिलाधिकारी ने कल्याणी नदी की सफाई करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई व सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि कल्याणी नदी की सफाई गतिमान है सफाई हेतु एक पोकलैंड, दो जेसीबी, 20 श्रमिक लगाये गये है साथ ही बताया कल्याणी नदी के 150 अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट हेतु ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित करने के निर्देश दिये ताकि कल्याणी नदी में ट्रीटमेंट के उपरांत ही औद्योगिक इकाईयों का पानी नदी में आये। उन्होने सभी अधिकारियों को नमांमि गंगे के कार्यो को गंभीरता से लेते हुए धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ यूसी तिवारी, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, एएस नेगी, लोनिवि, पेयजल निगम ज्योति पालिनि, जल संस्थान तरुण शर्मा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत मौजूद थे।


**RAINBOW PUBLIC SCHOOL**

A Senior Secondary (10+2) affiliated to C.B.S.E

**ADARSH COLONY, RUDRAPUR, U.S.NAGAR (U.K.)**

Website: www.rainbowpublicschool.org

**REQUIRED ESM**

for NCC sub unit at Rainbow Public School Affiliated with 1 UK AIR SQN NCC,Pantnagar,Distt. Udham Singh Nagar.

**Eligibility Criteria:**

1. Ex-Serviceman from Indian Air force Age not above 50 year.
2. Should be from the Engine/Air Frame/Structure Fit background.
3. Should preferably have supervisory qualification in his proficiency records
4. Should preferably from Uttarakhand state and proficient in the native language.
5. Should not be released from IAF on Medical or disciplinary grounds.

Salary no bar for deserving candidate.

Send your resume to the Principal within 3 days by post or Email: rainbowps@rediffmail.com

Phone # 05944-243977, 9319396455, 7055721265


# लापता छात्राओं की सकुशल बरामदगी पर एसएसपी का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला जिला इकाई द्वारा बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में हुई दो नाबालिक लड़कियों को मुजफ्फरनगर से बरामद करने पर एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा का बुके देकर धन्यवाद किया और पुलिस टीम की कार्यशैली की सराहना की। स्वागत करने वालो मे जिला अध्यक्ष विपिन



गुप्ता, प्रदेश महिला संगठन मंत्री शांति जीना, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, महिला जिला महामंत्री उर्वशी बोरा, विनीता शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जायसवाल, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, ग्रामीण इकाई महामंत्री पवन वर्मा आदि लोग थे।

# एसएसपी ने अपराध नियंत्रण व सत्यापन के दिए निर्देश

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिसकर्मी हुए सम्मानित





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में अपराधों पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण, रात्रि गश्त तेज करने व सत्यापन कार्य तेज करने सहित अन्य कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सभी बारिश से बचने हेतु रेनकोट और मच्छरों से बचने को कहा। उन्होंने डूब व बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के भी आदेश दिया। एसएसपी ने कहा सीपीयू और यातायात पुलिस काले शीशे लगी गाडियों पर प्रभावी कार्यवाही करें।सभी थानाध्यक्ष ईरिक्शा के विरूद्ध विस्तृत अभियान चलाकर सभी ई रिक्शा के दाहिनी तरफ मजबूत जाली लगाकर एक साइड से बंद करने, निधारित रूट में चलने और सभी ई रिक्शा चालकों को अपना आई कार्ड पहनकर रिक्शा चलाने को प्रेरित करें। अपराध गोष्ठी के दौरान सम्मेलन में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों की निजी व पारिवारिक समस्याओं की जानकारी ली गई व मौके पर उनका निस्तारण किया। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने हेतु निर्देशित किया।एसएसपी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने- अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त बड़ाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नशा तस्करों के प्रति कड़ी कार्यवाही व आवश्यक दिशा निर्देश दिए व संवेदनशील स्थानों की लगातार चौकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले 20 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बैठक में एस पी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह, सीओ अनुषा बडोला, ओमप्रकाश शर्मा सहित जनपद से आए कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड सीड्स एंड टीडीसी का स्थापना दिवस मनाया



पंतनगर । उत्तराखंड सीड्स एंड टीडीसी के 56वें स्थापना दिवस पर बीज निगम के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष डा.ध्यान पाल सिंह की मुख्यालय स्थित प्रतिमा पर निगम के महाप्रबंधक/मुख्य कृषि अधिकारी डा.अजय कुमार वर्मा द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के प्रथम दौर में उच्च कोटि के बीज देश के किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश के प्रथम बीज निगम की नींव रखी गई थी।जिसे क्षेत्र के कृषकों एवं निगम कर्मचारियों के सहयोग से निरंतर पुण किया जा रहा है।इस अवसर पर मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी डा.दीपक पांडे, उदयराज सिंह,जी.सी.तिवारी,पी.के. सिंह, महेश श्रीवास्तव, विजय शर्मा, अंगद सिंह, इंद्रावती,रीता आर्य,लाल सिंह कोरंगा, उपेन्द्र सिंह, मुकुल सिंह एवं संजीव सिंह आदि द्वारा माल्यार्पण कर डा.सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# ट्रचिंग ग्राउण्ड का डीएम ने किया निरीक्षण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने शनिवार को किच्छा रोड स्थित ट्रेंचिग ग्राउड लीगेसी वेस्ट एवं निस्तारण की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण दौरान उन्होंने डंपिंग साइड लिगेसी वेस्ट को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण हेतु सभी कार्य वैज्ञानिक तरीके से करने तथा एनजीटी के मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी द्वारा ट्रंचिग ग्राउण्ड में अवशेष एकत्रित लीगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त आरडीएफ के निस्तारण करने व अनुबन्धित फर्म मै० दयाचरन एण्ड कम्पनी को अनिवार्य रूप से ट्रंचिंग स्थल से आरडीएफ को हटाते हुए जीपीएस ट्रैकिंग के साथ उक्त निस्तारण की रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी व अनुबंधित फर्म के मेंनेजर आदि उपस्थित थे।

# सूदखोरों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई: दीपक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त दीपक रावत ने जन सुनवाई कर मौके पर कई शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सडक आदि से सम्बन्धित आई।जन सुनवाई में आम जनमानस की मुख्यतया: भूमि विवाद, सडक, अतिक्रमण, राशन कार्ड, ब्याज पर धनराशि देने आदि की समस्याओं का आयुक्त ने मौके पर समाधान किया गया। काफी समय से लम्बित भूमि विवाद की समस्याओ का समाधान होने व धनराशि वापस मिलने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जन सुनवाई में कुछ समस्यायें धनराशि को ब्याज में देने के सम्बन्ध में आई। आयुक्त ने कहा कि ब्याज में धनराशि देना और उसके पश्चात प्रताडित करना घोर अपराध है। उन्होंने कहा जो लोग ब्याज में पैसे देने का कृत्य करते है उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा जिन लोगों के पास साहूकार का लाईसेंस है उनको छोडकर अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार के व्यापार में लिप्त पाया जाता है तो उनके खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही की जायेगी। विकास खण्ड रामगढ ग्राम हवेली पम्पिग योजना में जलसंस्थान द्वारा जलजीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। ग्राम वासियों ने कहा कि योजना में कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है और दो माह से कार्य नही हुआ है। जिस पर आयुक्त ने जल संस्थान के मुख्य अधिकारियों को प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में तलब कर सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट फोटो ग्राफ के साथ प्रस्तुत

**कुमाऊं आयुक्त ने फरियादियों की सुनी समस्याएं**



करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जो ठेकेदार कार्य नही कर रहे है उन्हें तुरन्त हटाया जाए। उन्होने कहा भीमताल, रामगढ व बेतालघाट ब्लाक में जेजेएम के कार्यो में प्रगति धीमी है, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है कि जहां कार्य में ढिलाई बरती जा रही है। वहा पर कार्यवाही की जायेगी। जन सुनवाई में नवल गुप्ता निवासी हल्द्वानी ने मकान खरीदने के एवज में विनेश कुमार को एडवांस मे 1लाख 21 हजार की टोकन मनी दी थी। विनेश कुमार द्वारा मकान भी नही दिया गया और ना ही धनराशि नवल गुप्ता को वापस दी गई। आयुक्त ने दोनो को कार्यालय में तलब कर नवल गुप्ता को 1 लाख 21 हजार की धनराशि चौक के माध्यम से वापस दिलाई। जिस पर नवल गुप्ता ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में दिनेश सिंह रावत कोश्या कुटौली कहा कि उनके ग्राम में पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण लगभग 30 परिवार पेयजल की समस्या से ग्रसित है। उन्होंने पेयजल लाईन को ठीक कराने का अनुरोध किया। जिस आयुक्त ने जल संस्थान को शीध पेयजल लाईन सुचारू करने निर्देश दिये। इसके साथ ही जनसुनवाई में बृजेश सिंह बिष्ट बडी मुखानी ने बताया कि भवाली रोड जाखिया में उनकी भूमि पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर दिया है। उन्होंने भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया, शोभा भटट निवासी शीशमहल ने राशन कार्ड बनाने का अनुरोध किया,कमला देवी निवासी हल्दूचौड ने पैत्रिक भूमि में नाम दर्ज कराने का अनुरोध किया, अनीशा बेगम निवासी सितारगंज ने खाते में दर्ज हिस्से की भूमि दिलाने का अनुरोध किया, जेके पुरम निवासियों ने मण्डी समिति द्वारा बनाई गई सडक गुणवत्ता युक्त न बनाने पर सडक ठीक कराने का अनुरोध किया। आयुक्त द्वारा जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतों का विभागीय अधिकारियों व शिकायतकर्ता के साथ वार्ता कर निस्तारण किया।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने को गठित करें टास्क फोर्स : डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला अधिकारी वंदना ने कैंप कार्यालय में एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, आरडब्ल्यूडी, आरटीओ, पुलिस विभाग आदि संबंधित विभागाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि विगत वर्ष में हुई दुर्घटनाओं का संज्ञान लेने पर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं और जनहानि भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक हुई है। जिसको कम करने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रवर्तन विभाग के अधिकारियों द्वारा टास्क फोर्स गठित कर पर्वतीय क्षेत्रों में वृहद स्तर पर ड्राइविंग लाइसेंस, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, और वाहनों की फिटनेस का परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही यातायात नियमों का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रवर्तन अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष फोकस रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा स्कूल बच्चों को लाने ले जाने में लगी बसों की फिटनेस की आवश्यक रूप से अभियान चलाकर जांच कर लें। अनफिट बसों को स्कूलों में न लगाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग और प्रवर्तन विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में हुई जनहानि की सूची तैयार करें। प्रभावित परिवारों को आजीविका सृजन, पुनर्वास और उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।उनको मत्स्य पालन,पशुपालन, कृषि कार्य, उद्योग आदि क्षेत्रों से सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से परिवारों को संबंधित विभाग की योजना का लाभ दिया जाए। डीएम ने ईई पीडब्ल्यूडी रत्नेश सक्सेना को निर्देशित किया कि आरटीओ, एनएच, आदि विभागों के साथ संयुक्त रूप से समन्वय करते हुए रोड सेफ्टी ऑडिट टीम गठित कर अवशेष मार्गों का सेफ्टी ऑडिट करवाए और ब्लैक स्पॉट चिन्हित करवाएं। समस्याओं को दूर करते आरटीए की बैठक में प्रस्तावित करे। इस दौरान एसपी सिटी ट्रैफिक हरबंस सिंह,ईई पीडब्ल्यूडी रत्नेश सक्सेना, आरटीओ संदीप सैनी सहित अन्य अधिकारी थे।

## एसएस पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस.एस. पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में चयन के साथ ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के तीनों छात्र छात्राओं फैयाज अहमद पुत्र बबलू इश्तफाक अहमद,नेहा तिवारी पुत्री त्रिलोक चंद, शिवम् बठला पुत्र गुलशन कुमार को



शुभकामनाएं प्रदान की जा रही हैं ,जो कि कक्षा 10वीं (2023-24) के विद्यार्थी थे तीनों छात्र छात्राओं का नाम सूची में आते ही तीनों परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई ।विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह ने तीनों बच्चों को आशीर्वाद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और विद्यालय के प्रधानाचार्य स.परविंदर सिंह ने तीनों बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ साथ जीवन में उच्च शिक्षा का महत्व बताया और उनकी इस सफलता का श्रेय सभी अध्यापकगण एवं अभिभावकों को दिया।

## सामाजिक वैचारिकी पुस्तक का हुआ विमोचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। शिक्षा,साहित्य व लेखन के क्षेत्र में बराबर चर्चा में रहने वाले बाजपुर निवासी डॉ०एस.के.पांडेय की पुस्तक 'सामाजिक वैचारिकी' का विमोचन प्रो०अजीत रानाडे (कुलपति- गोखले राजनीति व अर्थशास्त्र संस्थान पूणे महाराष्ट्र, मानित विश्वविद्यालय), सुशील द्विवेदी (प्रबंधक-देवनारायण द्विवेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,अजीमुल्ला), अनिल द्विवेदी (प्रधानाचार्य- एस.आई.आई. कॉलेज, रोशनपुर),राहुल द्विवेदी व जीत सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति,बाजपुर) द्वारा बुक्सा छात्रावास में किया गया। अभी तक डॉ०पांडेय की 6 पुस्तकें व 50 से अधिक शोधपत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय



शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही आप कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित भी हो चुके हैं।इस दौरान पीयूष द्विवेदी ,रोहित द्विवेदी ,नायक राम पांडे,अर्पण मिश्र ,मनोज चौबे,कमलाकर तिवारी, सुखविंदर सिंह एवं अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने डॉ०पांडेय को अपने आशीर्वचनों से शुभकामनाएं दीं। बता दें मा०कुलपति, सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य प्रेमकृष्ण द्विवेदी जी से मिलने बाजपुर आए थे क्योंकि विगत दिनों द्विवेदी जी व प्रतीक द्विवेदी को कार एक्सीडेंट में गंभीर चोटें आई थीं।

## प्रमाण पत्र वितरण के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। मैंगो वीक कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी एवम मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विवेक राय द्वारा एसएचजी ग्रुप की 65 महिलाओं को सार्टिफिकेट वितरित किए गए। इस कार्यशाला में एसएचजी ग्रुप की महिलाएं विभिन्न प्रकार के फल सब्जियों से आचार, चटनी, जैम, जूस,



बिस्किट, सोया चाप आदि का प्रशिक्षण लेकर लघु उद्योग लगा सकते है। पांच आवेदन विभाग को इस कार्यशाला के दौरान प्राप्त भी हो गए है जिनको अग्रसारित किया जा रहा हैं नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग को धन्यवाद किया कि इस ट्रेनिग से एसएचजी ग्रुप को बहुत मदद मिलेगी । मुख्य उद्यान अधिकारी द्वारा भी विभाग से मिलने वाली अन्य योननाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विपक्ष की उपेक्षा अब आसान नहीं

तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारूढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरुआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों पर जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दबाव होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फिलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया। इस पर प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि अगर ओवैसी ने कोई आपत्तिजनक बात कही है, उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। ओवैसी हैदराबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह पांचवीं बार सांसद बने हैं। विवाद के बाद ओवैसी ने सफाई दी और कहा कि फिलिस्तीन बोलना संविधान के खिलाफ कैसे है। भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी का काम ही विरोध करना है। भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान यदि ओवैसी इस तरह शपथ लेते तो निश्चित तौर पर उन्हें भाजपा सांसदों का भारी विरोध सहना पड़ता, जोकि इस बार साामन्य नजर आए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून 2024 से प्रभावी रहेगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए यह अधिकारों की लड़ाई लडने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह आपकी आवाज बनकर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लडने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लोकसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की लगातार मांग के बावजूद संख्या बल का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की थी। 17वीं लोकसभा में पर्याप्त संख्या बल नहीं होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा। नेता प्रतिपक्ष की सदन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका और संवैधानिक अधिकार होते हैं। इनमें कटौती करना सत्तारूढ़ दल के लिए संभव नहीं है। यह एक सम्माननीय पद है। राहुल गांधी के लिए भाजपा जिस तरह का वक्तव्य हर वक्त इस्तेमाल करती रही है, वह अब संभव नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष की हैसियत सत्तारूढ़ दल के नेता से कम नहीं होती। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की आवाज उठाते हुए नजर आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बहुत कुछ बदलकर रख दिया है।

# मानसूनी सत्र में अधिकारी आपदा के समय रहें अलर्ट

## सभी प्रमुख सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनों की व्यवस्था के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मानसून को देखते हुए विभागों से सभी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि मानसून के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरती जानी जरूरी है। सभी विभाग अपनी तैयारियों को चुस्त-दुरस्त बनाए रखें और अतिवृष्टि व भूस्खलन आदि की वजह से अवरुद्ध सड़कों, बिजली एवं पेयजल की आपूर्ति को बहाल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।जिलाधिकारी ने शनिवार को जिला कार्यालय में मानसून को लेकर विभागों की तैयारियों की



समीक्षा करते हुए कहा कि इस काम में लापरवाही या शिथिलता न बरती जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि अतिवृष्टि, भूस्खलन से सड़कों के बंद होने तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं की तत्काल नियंत्रण कक्ष को जानकारी देने के साथ ही किसी भी प्रकार की आपदा या आकस्मिकता की स्थिति में संबंधित अधिकारी अविलंब नियंत्रण कक्ष में पहुँचकर परस्पर समन्वय बनाकर स्थिति से निपटने के लिए तत्परता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि अतिवृष्टि, भूस्खलन आदि वजहों से अवरुद्ध होने वाली सड़कों तथा बिजली एवं पेयजल की आपूर्ति को बहाल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, और इसके लिए रिस्पांस टाईम भी कम से कम हो। संवेदनशील स्थानों पर सड़कों को खोले जाने के लिए जेसीबी मशीनों व अन्य संसाधनों की नियमित तैनाती व तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश सड़क महकमे के अधिकारियों को दिए। वैकल्पिक मार्गों पर भी पर्याप्त संख्या में संसाधनों की तैनाती रखते हुए सुचारू रखा जाए। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार संभावित खतरे की स्थिति में स्थानीय स्तर पर विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित करें।जिलाधिकारी ने अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाएं और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ दूरस्थ क्षेत्रान्तर्गत की गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी की निर्धारित तिथि से पूर्व अस्पताल लाये जाने हेतु एक्शन प्लांन तैयार करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। जल संस्थान को पर्याप्त संख्या में पाइप व पेयजल टैंकर और विद्युत विभाग को विद्युत पोल, तार एवं ट्रॉस्फार्मर की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को मानसून अवधि के लिए खाद्यान्न एवं ईंधन का पर्याप्त भंडारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने संवेदनशील नदी, नाले, गधेरों में चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल,उपजिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, जीतेंद्र वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अनुपमा ह्यांकी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, ईई जल संस्थान सीएस देवडी, जल निगम वीके रवि,ईओ हयात सिंह परिहार आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कांडा को पृथक विकासखंड बनाने के लिए उठाई आवाज

## आर्य समाज के महात्माओं ने भी संघर्ष समिति के आंदोलन को समर्थन दिया

कांडा(उद संवाददाता)।पंकज डसीला,बाजीरौठ में कांडा को पृथक विकासखंड बनाए जाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न



हुई।अवकाश प्राप्त शिक्षक शेर सिंह धपोला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कांडा और कमस्यारघाटी क्षेत्र से जगह जगह से लोग पहुंचे।97 वर्षीय पूर्व शिक्षक सोहन सिंह रावत निरंकारी ने हुंकार भरते हुए ऐलान किया कि आगामी दो अक्टूबर से कांडा मेंप्रथक ब्लाक बनाए जाने की मांग को लेकर आरपार की लड़ाई का ऐलान होगा।संघर्ष समिति के अध्यक्ष एड.गोविंद सिंह भंडारी ने बताया कि आज आगामी रणनीति भी तय हुई है जिसमें गांव गांव जाकर गांव से राष्ट्र की ओर के नारे के तहत होगा जन सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।और प्रथक ब्लाक बनाने की मांग की जाएगी,यदि आंदोलन के बाद शासन प्रशासन नही माना हमें हमारा ब्लांक वापिस नहीं दिया तो क्षेत्रवासियों द्वारा आगामी दो अक्टूबर से क्रमिक अनशन आमरण अनशन शुरू कर दिया जाएगा।इस मौके पर सचिव सुरेश रावत, गिरधारी सिंह रावत, एड०अशोक भंडारी, नारायण वैध, भगवान भंडारी, आलम सिंह, मेहरा प्रयाग सिंह भंडारी,अर्जुन सिंह बनकोटी, हरीश डसीला, सर्वेश्वर गिरी, मोहन लाल आर्य ,एड.महिम किशोर, राजेंद्र सिंह गैड़ा, डा० कमल कोरंगा, सुरेन्द्र सिंह भंडारी, कमला देवी, चम्पा भंडारी, संतोषरामदास, बिमला भंडारी, हर्षिता भंडारी, दिया भंडारी, भगवान सिंह रावत, राजेंद्र सिंह धामी, राम सिंह धपोला, महेश जोशी, महिपाल भंडारी, श्रवण कुमार, अंकिता भंडारी, यहां आर्य समाज के संत स्वामी आर्यवेश ने इस संघर्ष को समर्थन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालनसुरेश रावत ने किया।

# नर्सिंग अधिकारी की संशोधित विज्ञप्ति जारी करने की मांग

गरुड़(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारी की नियुक्ति का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर संशोधित विज्ञप्ति जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में रिक्त 1455 पदों के सापेक्ष ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन कर रहे हैं, जो पूर्व में नौकरी में लग चुके हैं। उन्हें भी अभिलेख सत्यापन के लिए बुलाया गया है। जिससे सीटें प्रभावित हो रही हैं और नए अभ्यर्थियों का चयन होना असंभव है। टीटबाजार निवासी गीता वर्मा ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पूर्व में क्षैतिज आरक्षण में अभ्यर्थी न होने के कारण सीटें रिक्त रह गई थी, जिन्हें वर्तमान भर्ती में शामिल नहीं किया गया है। पूरे उत्तराखंड में क्षैतिज आरक्षण के अभ्यर्थी न होने के कारण वर्तमान भर्ती में भी सीटें रिक्त रह जाएंगी। इससे नए अभ्यर्थियों को वर्तमान व भविष्य में होने वाली नई भर्ती में लाभ मिल पाना असंभव है।उन्होंने नए अभ्यर्थियों को मौका देने के लिए संशोधित विज्ञप्तिजारी करने की मांग की।

# दुनिया में सच्ची खुशी की तलाश

हम सब खुशी और शांति की तलाश में हैं। इस संसार में कोई भी दु:खी रहना नहीं चाहता। लोग कई तरीकों से सुख प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग इसे धन-दौलत और संपत्ति और कुछ इसे नाम और शौहरत में ढूंढते हैं। कुछ लोग दुनियावी रिश्तों में इसे ढूंढते हैं। कई लोग मनोरंजन के पीछे, जैसे कि फिल्मों को देखना, संगीत सुनना, सांस्कृतिक प्रदर्शनों में भाग लेना और टी.वी. देखने जैसे कार्यों में व्यस्त रहते हैं। कई लोग खेलों में भाग लेते हैं या उन्हें देखने का आनंद लेते हैं। कई लोग नशीले पदार्थों ड्रग्स और शराब में भी इस सुख को ढूंढते हैं। यदि हम इन सभी कार्यों का विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यह खुशियाँ हमें उतना सुख नहीं देती जितनी हम इनसे उम्मीद करते हैं। इन चीजों या कार्यों से हम कुछ समय का तो सुख हासिल कर सकते हैं लेकिन सदा-सदा का नहीं क्योंकि हमारी संपत्ति या संबंधी के बिछुड़ जाने पर हमें असहनीय दु:ख और पीड़ा होती है। यदि हमारी कार खराब हो जाती है तो हमें अपने नसीब पर दु:ख होता है। यदि हमारा घर आग में जलकर नष्ट हो जाता है तो हमें लगता है कि हमने जीवन में अपना सब कुछ खो दिया है। यदि हम लखपति हैं और अचानक हमारा दिवाला निकल जाता है, तब हम इतने उदास हो जाते हैं कि हमें आत्म हत्या करने के विचार आते हैं। यदि हम बीमार हो जाते हैं और रोजमर्रा के कार्य करने में असमर्थ होते हैं, तब हम निराश और असंतुष्ट हो जाते हैं। अपनी नौकरी के चले जाने पर हम तनाव से भर जाते हैं। यदि हमारा कोई प्रियजन इस दुनिया से चला जाता है तब हम गहरे दु:ख में डूब जाते हैं। जो चीजें जैसे पैसा, संपत्ति या हमारे अपने हमें सुख और खुशी दे रहे थे, उनके चले जाने पर वह सब दु:ख में बदल जाता है। जीवन में एक समय ऐसा भी आता है, जब हम पाते हैं कि दुनियावी खुशी केवल क्षण भर की है और सिर्फ एक भ्रम है क्योंकि इस दुनिया की हर चीज नष्ट होने वाली है। अंत में हमें भी शारीरिक मृत्यु का सामना करना होगा और हम जो भी चीजें जोड़ते हैं, वह एक न एक दिन सब पीछे छूट जाएंगी। दुनिया का यही दस्तूर है। जीवन की सच्चाई देखकर हमें आश्चर्य होता है कि क्या इस दुनिया में सच्ची खुशी पाने की कोई उम्मीद है? यदि है तो हम इसे कैसे पा सकते हैं? हमें यह जानना है कि सच्ची खुशी क्या है? शांति, प्रेम और आनंद की स्थिति के रूप में हम खुशी को बयान कर सकते हैं। कई लोग इसे जीवन में दर्द, पीड़ा और दु:ख के न होने के रूप में इसे देखते हैं। यदि हम देखें तो लोग खुशी पाने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। हम जानते हैं कि हर वह चीज जो जीवन में खुशी देती है, उसमें दु:ख देने की भी उतनी ही सामर्थ्य होती है। जब दुनियावी सुख दूर चला जाता है, तब हम दु:ख और पीड़ा से गुजरते हैं। युगों-युगों से महान संत-महात्मा और गुरुओं ने हमें यह बताया है कि सच्ची खुशी का अस्तित्व है



लेकिन यह बाहरी दुनिया की किसी भी चीज में नहीं है। इसे केवल अपने अंतर में ही पाया जा सकता है। यदि हम इसे बाहरी दुनिया में खोजेंगे तो हमें लगातार निराशा ही प्राप्त होगी। यदि हम इस दुनिया में पूर्णता को ढूंढेंगे तो हमें कभी भी सफलता नहीं मिल सकती क्योंकि हर हीरे में दोष होता है और हर सुंदरता में दाग होता है। यही कारण है कि लोगों की एक इच्छा की पूर्ति होने के बाद उनमें दूसरी इच्छा उत्पन्न हो जाती है। वे एक चीज खरीदने या पाने के बाद दूसरी चीज लेना चाहते हैं। कई देशों में लोग एक विवाह के बाद दूसरा, तीसरा और शायद इससे भी ज्यादा विवाह करते हैं। हम एक कार्य करने के बाद दूसरा कार्य करने लग जाते हैं। यह सोचकर कि शायद हम जिस संतुष्टि की तलाश कर रहे हैं, वह हमें मिल जाएगी। जब तक हम इन बाहरी भौतिक आषर्कणों में रुचि रखेंगे, तब तक हम इस निराशा के चक्रव्यूह में फंसे रहेंगे। हम भूल चुके हैं कि असली खजाने हमारे अंतर में हमारा इंतजार कर रहे हैं। सच्ची खुशी कहीं बाहर नहीं बल्कि हमारे अंतर में ही है। सदा-सदा की खुशी पाने का केवल एक ही स्रोत है, जिसे कभी जल, वायु, अग्नि या पृथ्वी नष्ट नहीं कर सकते। हमारे इस जीवन में या मृत्यु के समय भी इसे हमसे कोई अलग नहीं कर सकता है। सच्ची खुशी केवल परमात्मा को पाने में ही हैं। पूर्व देशों के संतों-महापुरुषों ने परमात्मा को 'सत-चित्त-आनंद' कहा है। इन शब्दों का मतलब है कि सच्चा, चेतन और आनंदमयी। हममें से कई परमात्मा को अनंत सत्य के साथ जोड़ते हैं। हम उस दिव्य रचयिता को महाचेतन, सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान के रूप में भी जानते हैं। पश्चिमी देशों के लोग शायद ही परमात्मा को दिव्य आनंद की तरह मानते हों। फिर भी सभी धर्मों में जिन संतों ने परमात्मा का अनुभव किया है, उन्होंने इसी आनंद का जिक्र किया है। उनके आंतरिक अनुभव से ज्यादा वे उस परम आनंद की प्राप्ति को महत्त्व देते हैं, जब उनकी आत्मा, परमात्मा में लीन हो जाती है। ईसाई धर्म में टेरेसा की सेंट एविला और क्रॉस के सेंट जॉन के लेखन ऐसे दिव्य परमानंद और उत्साह के संदर्भ से लबालब भरे है।। सूफी संत अपनी शायरी में बार-बार आत्मा और परमात्मा के मिलन की इस असीम खुशी का वर्णन करते हैं। यह बयान में न आने वाला सुख और खुशी सिर्फ संतों और महात्माओं तक ही सीमित नहीं है। जो उन्होंने पाया है, हम भी उसका अनुभव कर सकते हैं। हमें सिर्फ अपने अंतर में उसको ढूंढना है। जब तक हम बाहर की दुनिया में खुशी ढूंढेगे, तब हमें निराशा ही मिलेगी क्योंकि यहाँ हर चीज नाशवान है। केवल एक परमात्मा ही हमेशा रहने वाले हैं। सभी घर्म-शास्त्र हमें यही बताते हैं कि परमात्मा हमारे अंतर में हैं। अब हमारे सामने यह प्रश्न है कि परमात्मा को कैसे पाया जाए? संतों-महात्माओं ने परमात्मा को अपने अंतर में ही पाया है और उन्होंने अपने इस अनुभव को पूरी मानवता को बताया है। वे हमें समझते हैं कि परमात्मा क्या हैं और परमात्मा को कैसे पाया जा सकता है? वे बताते हैं कि परमात्मा ज्योति, प्रेम और चेतनता के महासागर हैं। परमात्मा सभी अस्तित्व के आदि और अंत हैं। परमात्मा को न तो बनाया जा सकता है और न ही उनका विनाश हो सकता है। परमात्मा ही सब कुछ हैं। हमारी आत्मा उस परमात्मा के महासागर की एक बूंद है। इसीलिए आत्मा का भी वास्तविक स्वभाव 'सत-चित्त- आनंद' ही है। इस करके हमारी आत्म भी उस आनंदमयी चेतनता की एक बूंद है। हमें यह जानने की जरूरत है कि हमारे अंतर में जीवन-अमृत का एक जलाशय मौजूद है। यदि हम अपने सच्चे स्वरूप को जान जाएं तो हम खुशी की उच्च निर्मल अवस्था में रहना शुरू कर देंगे। यदि हम बाहर की आँखों और कानों से ध्यान हटाकर अपने अंतर में ध्यान टिकाएं तो हम इस सदा-सदा की सच्ची खुशी और आनंद के स्रोत को पा सकेंगे।

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

# पानी की एक-एक बूँद को संरक्षित करना आवश्यक: डीएम

## जल शक्ति अभियान की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गिरते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि 'जल है तो कल है' इसलिए हमें कार्ययोजना बनाते हुए जलस्रोतों, जलधराओं, नदियों व जलाशयों का संरक्षण एवं संवर्द्धन करना होगा। जिलाधिकारी श्री सिंह ने जल शक्ति अभियान की एपीजे सभागार में बैठक लेते हुए कहा कि भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पानी की एक-एक बूँद को संरक्षित करना आवश्यक होगा। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कार्य करना सुनिश्चित करें और जनता को भी जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर, क्षेत्र पंचायत व जनपद स्तर पर जल संरक्षण कार्य अधिक से अधिक किए जाएं तथा जल संरक्षण कार्यों की जियो-टैगिंग की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक योजनाओं को जल शक्ति अभियान के तहत 'कैच द रेन' की कार्ययोजना में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा स्तर पर जल स्रोत, जलधारा, नौलों, गाड़-गधेरों को सदानीर बनाये रखने हेतु उनके संरक्षण कार्य किए जाएं तथा उनके कैचमेंट एरिया में चौड़े पत्तीदार पौधारोपण किया जाए, इसीतरह क्षेत्र पंचायत स्तर पर अमृत सरोवर, कंटूर ट्रेंचेंज, रिचार्ज पिट्स, रिचार्ज साफ्ट बनाये जाएं। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में चाल-खाल खंत्तियां, जलाशय बनाएं जाएं व उनके कैचमेंट एरिया में पौधारोपण किया जाए। इसी तरह जनपद स्तर पर नदियों का पुनर्जीवीकरण व जलाशयों का संरक्षण, संवर्द्धन एवं डिसिल्टिंग का कार्य किया जाए व नदियों व जलाशयों के किनारों पर खाली स्थानों में पौधारोपण किया जाए, इस हेतु ग्राम विकास, वन, सिंचाई, पेयजल, कृषि उद्यान, मत्स्य आदि संबंधित विभाग समन्वय करते हुए कार्ययोजना के तहत कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण, नगर निगम, जो भवन नक्शा प्लान पास करें उनमें वर्षा जल संग्रहण अनिवार्य रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल शक्ति अभियान के अंतर्गत स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) के तहत किए जा रहे कार्यों की जियो-टैगिंग करते हुए डाटा नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सीएम घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम घोषणाओं के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जो घोषणाएं जनपद स्तर पर लंबित हैं उनकी भूमि चयन व डीपीआर बनाकर तुरंत शासन को भेजें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त समस्याओं का भी प्राथमिकता से निराकरण करें व शिकायतकर्ता से स्वयं वार्ता भी करें । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधि. अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, जल निगम ज्योति पालनी, जल संस्थान तरूण शर्मा, ग्रामीण निर्माण निगम पंकज कुमार, कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी शशिकमल, सहायक अभियंता लघु सिंचाई टिंकू सिंह, विशाल प्रसाद सहित सभी पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# रेशम बाड़ी में पुलिस से बेखौफ दबंगों का आतंक

## तमंचा दिखाकर भांजे को अगवा किया, मामा ने बमुश्किल बचाई जान, वीडियो वायरल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर स्थित रेशम बाड़ी कालोनी में दो एवं चार पहिया वाहनों पर सवार पुलिस से बेखौफ कुछ दबंग युवक लोगो के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। लोगों का आरोप है कि जब भी पुलिस से उनकी कोई शिकायत की जाती है तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय शिकायतकर्ता का ही उत्पीड़न करने लगती है। जिससे मोहल्ले वासियों में दबंगों का खौफ बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में दबंगों ने बाईक सवार मामा भांजा को तमंचे की नोक पर अगवा करने की कोशिश की। किसी तरह दोनों ने उनके चंगुल से छुटकर भागकर अपनी जान बचाई। मामले की तहरीर देने के बाद भी चौकी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित ने बताया कि 23 जून को वह मामा के साथ। बाईक पर किचन रोड पर जा रहे थे कि अचानक तीन पानी मेडिकल स्टोर के पास एक सफेद रंग की स्विफट डिजायर कार ने अचानक ओवर टेक कर बाइक को जवरन रोक लिया। जिसमें से अचानक उतर कर कुछ लोगों ने मामा व उसको गाड़ी में डालने की कोशिश की। दोनो ने जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया। परन्तु उपरोक्त लोगों ने तमन्चे दिखाकर जबरन गाड़ी में डाल कर अपहरन कर लिया। मामा के भागने पर उपरोक्त अपहरनकर्ताओं ने कार दौड़ा कर काफी दूर तक उन्हें भी अपहरण करने का प्रायास किया। परन्तु मामा के भदईपुरा आबादी मे घुस जाने से उपरोक्त लोग सफल नहीं हो पाए। उसे अपहरण कर खेड़ा में स्थित ईदगाह मैदान में ले गए जहाँ इनके अन्य साथी पहले से मौजूद थे। आरोप है सभी ने उसे बुरी तरह बेरहमी से पीटा। उन्होंने कहा कि आज रात तक अपने मामा को लेकर आ हमे पकड़वा तब ही तेरी जान बचेगी।जान बचाने के लिए हामी भरी तो उपरोक्त लोगो ने चेतावनी देकर छोड़ा कि अगर मामा को नहीं पकड़वाया तो तुझे और तेरे मामां को गोली मार देंगे अगर पुलिस और किसी अन्य को बताया तो तुम्हारी खैर नहीं। दबंगों की वीडियो लगातार वायरल होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# युवक पर मारपीट का आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक युवक ने दूसरे युवक पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ओखलढूंगा निवासी जीवन सिंह पुत्र गंगा सिंह ने पुलिस चौकी हैड़ाखान में शिकायत दर्ज कराई है कि 24 मई को वह शदी समारोह में पनीर लेकर काठगोदाम से गांव की ओर जा रहा था तभी पुराने मामले को लेकर पंकज सिंह पुत्र बालम सिंह उसके साथ मारपीट करने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। उसने मामल की शिकायत पुलिस में भी की। पीड़ित ने आरोपी से जान माल खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# बिमारियों की रोकथाम के लिए चलाएं जागरूकता अभियान



बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने शनिवार को जिला टास्क फोर्स से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेते हुए डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य एवं अन्य सभी संबधित विभाग बेहतर समन्वय बनाकर ठोस कार्ययोजना के साथ डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए काम करना सुनिश्चित करें। तथा सर्विलांस बढाया जाए।जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में पानी की निकासी, नालियों की साफ-सफाई, मच्छर मारने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व फॉगिंग कराने के साथ ही व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।कहा कि मच्छर के लार्वा को नष्ट करने लिए नियमित दवाओं का छिडकाव करें। नगर क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी नगर निकायों का सहयोग लिया जाए। पंचायतीराज विभाग को ग्राम पंचायतों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। विद्यालयों में छात्रों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बाल विकास को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों को डेंगू, मलेरिया से बचाव के संबंध में जानकारी देने को कहा। जल संस्थान को पेयजल टैंकों में नियमित क्लोरिनेशन और पानी की लीकेज ठीक कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने डेंगू मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन का स्टॉक रखने के निर्देश सीएमओ को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू मच्छर का लार्वा साफ पानी में पनपता है। इसलिए घरों और दफ्तरों में कूलर, टंकी, गमले, टायर अथवा अन्य टूटे फूटे बर्तन, प्लास्टिक सामग्री में रुके पानी की नियमित साफ सफाई के लिए फोटो,वीडियो, पम्पलेट, वॉल पेंटिंग आदि माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करें। पब्लिक वाहनों पर भी पोस्टर, पम्पलेट, स्टीकर चस्पा किए जाए और डेंगू की रोकथाम में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी मोनिका, अनुराग आर्या, जीतेंद्र वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अनुपमा ह्यांकी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन,डॉ देवेश चौहान,ईओ हयात सिंह परिहार, परिवहन कर अधिकारी हरीश रावल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिकों का प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को श्रमिक कार्ड नवीनीकरण में खासी परेशानी हो रही है। नई नियममावली में श्रमिकों को पंजीयन में समस्याए आने श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के पंजीयन में उचित सहयोग नही मिलने, और छूटे हुए श्रमिकों को पंजीयन में आ रही समस्याओं के लिए विभाग द्वारा उचित सहयोग नही मिलने से उक्रांद के युवा नेता अर्जुन देव ने नाराजगी जताते



हुए श्रम अधिकारी से सभी श्रमिकों की पंजीयन सम्बन्धी समस्या का समाधान करने की अपील की।वही पंजीकरण नही हो पाने से नाराज श्रमिकों ने विरोध में श्रम विभाग कार्यालय में प्रदर्शन किया। और नवीनीकरण कार्य में शिथिलता बरतने की मांग की है। जल्द श्रमिकों की पंजीयन सम्बन्धी समस्या का समाधान नही करने पर युवा नेता अर्जुन देव ने श्रमिको और समर्थकों के साथ आंदोलन की चेतावनी दी है।इस दौरान प्रेमा देवी, पूजा देवी, सुनीता बोरा, भावना, शीला देवी, हसी देवी, कमला देवी, रघुवर सिंह, शिरोमणि पंत आदि लोग मौजूद रहे।

# टी-20 के फाईनल में भारत की जीत पर मनाई खुशियां

रुद्रपुर। भारत की टी 20 विश्व कप में शानदार जीत पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने एलायंस कॉलोनी में आतिशबाजी करके खुशियां मनाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि यह जीत करोड़ो भारतीयों की जीत है, एक बार फिर टीम इण्डिया ने भारत का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। यह



जीत प्रत्येक खिलाडी के समर्पण मेहनत की है, जिसके कारण बहुत रोमांचक मुकाबले मे भारत को जीत हासिल हुई ओर 2007 के बाद एक बार फिर टी 20 मे भारत की बादशाहत कायम हुई है। विधायक ने कहा यह जीत 140 देशवासियो की जीत है, वही टीम इण्डिया को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें भी दी।

## पेज एक का शेष...

**तेजी से आगे बढ़ रहा....** है- 'एक पेड़ मां के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं और मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है- चाहे वो अमीर हो या गरीब, चाहे वो कामकाजी महिला हो या गृहिणी। इस अभियान ने सबको मां के प्रति अपना स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि टोक्यो में हुए ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। टोक्यो ओलंपिक के बाद से ही हमारे खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी-जान से जुटे हुए थे। सभी खिलाड़ियों को मिला दें, तो इन सबने करीब 900 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। पीएम ने इसके बाद वोकल फॉर लोकल की बात की। पीएम ने कहा कि जब हम वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं तो इसमें अराकू काफी की बात भी जरूरी है। पीएम ने इसी दौरान आंध प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ का एक किस्सा सुनाया। पीएम ने कहा कि विशाखापत्नम में सीएम के साथ मुझे इसका स्वाद लेने का मौका मिला था। इस काफी को कई ग्लोबल अवार्ड मिले हैं। जी-20 समिट में भी ये कॉफी छाई हुई थी। बता दें मन की बात प्रधानमंत्री मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जहां वे भारत के नागरिकों के साथ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं।

**महिला का शव मिलने ...**का पंचायत नामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।कोतवाल ने कहा कि उत्तरकाशी में साधु संतों के निधन के बाद उन्हें नदी में जल व नदी किनारे भू समाधि भी दी जाती है। यह शव उनमें से भी एक हो सकता है। जो नदी का जलस्तर बढ़ने से किनारे लगा हो सकता है। शिनाख्त न होने पर 72 घंटे बाद का शव अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

**सड़क निर्माण को लेकर...**रंजन, मनोज भंडारी, अजय फुटेला, लक्ष्य शर्मा, नवीन नैनवाल, देवेन्द्र चतुर्वेदी, अशोक कुमार, प्रवेश कुशवाहा, हिमांशु मिश्रा, ज्ञान गुप्ता, राकेश कुमार, राजेश धीमान, बृजेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

**तमंचे की नोक पर....**पास रखे 12 हजार रुपये लूट लिए। विशाल का आरोप है कि विकास ने उस परचाकू से वार किया और उसके साथियों ने सिर पर ईंट से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। शोर होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**विद्युत कटौती के खिलाफ...**रहा है। वर्तमान में सर्पदंश की घटनाओं से लोगों में भय है कही अँधेरे में कोई अनहोनी न हो जाये। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या ने कहा बिजली कटौती की वजह से इलाके के लोगों को पेजल संकट से जूझना पड़ रहा है। जल्द समाधान नही होने पर उग्र आन्दोलन किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अनीता बाल्मीकि, सोनी जाटव, चंचला मिस्त्री, राजमाल बाल्मिकी, अंकित कुमार, नवल आर्या, मनीष साहू, दीपक प्रजापति, सुशील रॉय, ऐंजल, काजल आर्या, निखिल साहू समेत दर्जनों महिला पुरुष थे।

**यूकेएसएसएससी की परीक्षा में ...**अभ्यर्थियों की परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पूर्व पुलिस कर्मियों द्वारा सघन तलाशी भी ली जा रही थी। परीक्षा केन्द्र में परीक्षाथियों को पठन सामग्री, मोबाईल फोन व पेपर ले जाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा के दौरान नियुक्त अधिकारियों द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु मां
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS DAIKIN MITSUBISHI ELECTRIC AMSTRAD HITACHI Carrier SAMSUNG BLUE STAR IFB Whirlpool LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338